**OLD**

This Question Paper contains Section–A 18 + Section–B 3/3 questions.

इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत खण्ड–अ 18 + खण्ड–ब 3/3 प्रश्न हैं।

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has two options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## SECTION–A


## खण्ड–अ

**1.** In the *World Map* given, *eight* geographical features are shown—(1) Volcanic Mountain; (2) Mountain Range; (3) Plateau; (4) Plain; (5) Desert; (6) Sea; (7) City and (8) Parallel of Latitude.

Write correct name of the related feature in your answer-book against each number. ½×8=4

दिए गए **संसार के मानचित्र** में **आठ** भौगोलिक लक्षण दिखाए गए हैं—(1) ज्वालामुखी पर्वत; (2) पर्वत श्रेणी; (3) पठार; (4) मैदान; (5) मरुस्थल; (6) सागर; (7) नगर और (8) अक्षांश रेखा।

अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रत्येक संख्या के सामने संबंधित लक्षण का सही नाम लिखिए।



WORLD (Physical)
संसार (प्राकृतिक)
Tropic of Cancer
23½ N
23½ S
66½ S
SCALE
Km 0
2000
4000
6000 Km
1
2
3
4
5
6
7
8

**2.** In the given *Political Outline Map of India, eight* geographical features are shown—(1) Mountain; (2) River; (3) Leading Tea Producing State; (4) Iron and Steel Centre; (5) Dam; (6) Cotton Textile Centre; (7) Seaport and (8) Metropolitan city.

Write in your answer-book against each number the correct name of the related feature. ½×8=4

दिए गए **भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र** में **आठ** भौगोलिक लक्षण दिखाए गए हैं—(1) पर्वत; (2) नदी; (3) चाय उत्पादन का अग्रणी राज्य; (4) लोहा और इस्पात केन्द्र; (5) बाँध; (6) सूती वस्त्र केन्द्र; (7) समुद्री पत्तन तथा (8) महानगर।

प्रत्येक लक्षण का सही नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रत्येक संख्या के सामने लिखिए।



**3.** Name the natural satellite of the earth. State any *four* of its characteristics. 1+2=3

पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह का नाम बताइए। इसकी किन्हीं **चार** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**4.** Define the term 'Environment'. Mention its *four* major components. 1+2=3

'पर्यावरण' शब्द की परिभाषा दीजिए। इसके **चार** प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए।

**5.** Mention any *three* features of 'Himadri Range'. 1×3=3

'हिमाद्रि श्रेणी' की किन्हीं **तीन** लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

**6.** Write any *six* characteristics of 'black soils' of India. ½×6=3

भारत की 'काली मिट्टियों' की किन्हीं **छः** विशेषताओं को लिखिए।

**7.** Define the term 'Literacy'. Write any *four* characteristics of literacy rate in India. 1+2=3

'साक्षरता' शब्द की परिभाषा दीजिए। भारत में साक्षरता दर पर कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए।

**8.** Explain the concept of 'Natural Regions' touching upon any *three* of its characteristics. 1×3=3

'प्राकृतिक प्रदेशों' की संकल्पना की व्याख्या किन्हीं **तीन** विशेषताओं की सहायता से कीजिए।

**9.** Write any *two* main features of each of the four pressure belts found on the earth. 1+1+1+1=4

पृथ्वी पर पाई जाने वाली चारों वायुदाब पेटियों में से प्रत्येक की कोई **दो** मुख्य विशेषताएँ लिखिए।

**10.** Explain *four* factors responsible for bringing variation in the time and size of tides. 1×4=4

ज्वार के समय और आकार में परिवर्तन के लिए उत्तरदायी **चार** कारकों को स्पष्ट कीजिए।

**11.** Why is the climate of Tiruvananthapuram different from that of Delhi? Explain with *four* examples. 1×4=4


तिरुवनंथपुरम की जलवायु दिल्ली की जलवायु से भिन्न क्यों है? **चार** उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

**12.** Explain with examples any *four* major problems related to utilisation of water in India. 1×4=4

भारत में जलउपयोग से सम्बन्धित किन्हीं **चार** प्रमुख समस्याओं को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

**13.** Study the given diagram and answer the questions that follow :

दिए गए आरेख का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




*(a)* Give suitable title to the given diagram. 1

दिए गए आरेख के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

*(b)* Explain the process of rainfall systematically with the help of given diagram. 3

दिए गए आरेख की मदद से वर्षा की प्रक्रिया को क्रमबद्ध रूप से स्पष्ट कीजिए।

**14.** "Intensity of cropping in India varies from one part to the other." Analyse the statement with suitable examples. 4

''भारत में फसलों की गहनता एक भाग से दूसरे भाग में भिन्न पाई जाती है।'' उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

**15.** What are igneous rocks? Classify igneous rocks into *two* groups on the basis of their mode of occurrence. Write *three* characteristics of each group. 1+1+1½+1½=5

आग्नेय शैल किसे कहते हैं? निर्माण-प्रक्रिया के आधार पर आग्नेय शैलों को **दो** वर्गों में बाँटिए। प्रत्येक वर्ग की **तीन-तीन** विशेषताएँ लिखिए।

**16.** Define permanent and temporary migration and describe in brief *two* examples of each. 1+2+2=5

स्थायी प्रवास और अस्थायी प्रवास की परिभाषा दीजिए और प्रत्येक का **दो-दो** उदाहरणों सहित संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**17.** What is river erosion? Explain *four* different ways in which river erosion takes place. 1+4=5

नदी अपरदन किसे कहते हैं? नदी अपरदन के **चार** भिन्न विधियों को स्पष्ट कीजिए।

**18.** Explain with *five* examples the ill-effects of industrial development on environment. 1×5=5

पर्यावरण पर औद्योगिक विकास के कुप्रभावों को **पाँच** उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

**( Teaching of Geography at Primary Level )**

**( प्राथमिक स्तर पर भूगोल-शिक्षण )**

**19.** Classify human occupations into three divisions. Give *one* example of each division. 1½+1½=3

मानव व्यवसायों को तीन वर्गों में विभाजित कीजिए। प्रत्येक वर्ग का **एक-एक** उदाहरण दीजिए।

**20.** How does observation method of teaching geography provide direct experience of geographical phenomena? Explain with *three* examples related to everyday life. 1×3=3

भूगोल शिक्षण की प्रेक्षण विधि किस प्रकार भौगोलिक घटनाओं का सीधा अनुभव कराती है? **तीन** प्रतिदिन के जीवन से जुड़े उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।

**21.** Explain the main features of terrain of coastal strips of India. 4

भारत की तटीय पट्टियों के धरातल की मुख्य विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

OPTION–II

विकल्प–II

**( Geography of Tourism in India )**

**( भारत का पर्यटन-भूगोल )**

**19.** Mention *three* prominent features of 'Tirupati Tourism Zone'. 1×3=3

'तिरुपति पर्यटन मण्डल' की **तीन** प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**20.** Explain *three* important negative factors which cause periodical setback to the growth of tourist flow in India. 1×3=3

भारत में पर्यटन के प्रवाह को समय-समय पर अवरुद्ध करने वाले **तीन** महत्त्वपूर्ण नकारात्मक कारकों को स्पष्ट कीजिए।

**21.** How do the varied climatic conditions promote tourism in India? Explain with *four* major examples. 1×4=4

भारत में विविध जलवायविक दशाएँ पर्यटन को किस प्रकार प्रोन्नत करती हैं? **चार** प्रमुख उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

**NEW**

This Question Paper contains Section–A 20 + Section–B 4/4 questions.

इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत खण्ड–अ 20 + खण्ड–ब 4/4 प्रश्न हैं।

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 80

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

*Note* : (i) There are 24 questions in all.

(ii) *All* questions are compulsory.

(iii) Marks for each question are indicated against it.

(iv) Question Nos. **1** and **2** are on filling outline maps of the *World* and *India* respectively. Each question contains *4* test-items of very short answers of *1 mark* each.

(v) Question Nos. **3** to **6** are very short answer questions carrying *1 mark* each. Answer to these questions should not exceed *30 words* each.

(vi) Question Nos. **7** to **11** and **21** & **22** are also very short answer questions carrying *2 marks* each. Answer to these questions should not exceed *60 words* each.

(vii) Question Nos. **12** to **15** and **23** & **24** are short answer questions carrying *4 marks* each. Answer to these questions should not exceed *100 words* each.

(viii) Question Nos. **16** to **20** are long answer questions of *6 marks* each. Answer of each of the questions should not exceed *140 words*.

(ix) Outline maps of the *World* and *India* provided to you must be attached with your answer-book.

(x) Use of templates or stencils for drawing outline maps in illustrating your answer is allowed.

(xi) Answer of Question Nos. **21** to **24** should be given from any *one* of the Options.

**निर्देश :** (i) प्रश्नों की कुल संख्या 24 है।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** और **2** क्रमश: **संसार** और **भारत के रेखामानचित्रों** के भरने पर है। प्रत्येक प्रश्न में अति लघु उत्तरों की **4** परीक्षण मदें **1** अंक की हैं।

(v) प्रश्न संख्या **3** से **6** अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न का **1** अंक है। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *30* शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न संख्या **7** से **11** तक और **21** तथा **22** भी अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *60* शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vii) प्रश्न संख्या **12** से **15** और **23** तथा **24** लघुउत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के **4** अंक हैं। इन प्रश्नों के उत्तर *100* शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(viii) प्रश्न संख्या **16** से **20** तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *140* शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(ix) दिए गए **संसार** और **भारत के रेखामानचित्रों** को अपनी उत्तर-पुस्तिका में अवश्य नत्थी कीजिए।

(x) अपने उत्तर को स्पष्ट करने के लिए रेखामानचित्र बनाने के लिए साँचों या स्टेंसिलों के प्रयोग की अनुमति दी जाती है।

(xi) प्रश्न संख्या **21** से **24** तक के उत्तर किसी **एक** विकल्प में से दीजिए।

## SECTION–A

### खण्ड–अ


**1.** Four geographical features with serial numbers (1) to (4) are marked on the given *Political Outline Map of the World*. Identify these features with the help of the following information and write their correct names in your answer-book against each number : 1×4=4

(1) Mountain; (2) Lava Plateau; (3) Desert; (4) Grassland.

दिए गए **संसार के राजनीतिक रेखामानचित्र** में चार भौगोलिक लक्षणों को संख्या (1) से (4) तक दिखाया गया है। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रत्येक संख्या के सामने लिखिए :

(1) पर्वत; (2) लावा पठार; (3) मरुस्थल; (4) घासभूमि।

# WORLD (Political) संसार (राजनीतिक)



**2.** Four geographical features with serial numbers (1) to (4) are marked on the given *Political Outline Map of India*. Identify these features with the help of the following information and their correct names in your answer-book against each number : 1×4=4

(1) Mountain; (2) River; (3) Vegetation Type; (4) Major Seaport.

दिए गए **भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र** में चार भौगोलिक लक्षणों को संख्या (1) से (4) तक दिखाया गया है। इन लक्षणों को नीचे दी गई जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रत्येक संख्या के सामने लिखिए :

(1) पर्वत; (2) नदी; (3) वनस्पति प्रकार; (4) प्रमुख समुद्री पत्तन।



**3.** Which are the *two* main gases of the atmosphere? ½×2=1

वायुमण्डल की **दो** प्रमुख गैसें कौन-सी हैं?

**4.** What is heat budget? 1

ऊष्मा बजट किसे कहते हैं?

**5.** Define the term 'permanent migration' with an example. 1

'स्थायी प्रवास' शब्द की परिभाषा **एक** उदाहरण सहित दीजिए।

**6.** Name the *two* neighbouring countries nearest to India which have higher rank in Human Development Index than India. ½×2=1

भारत के **दो** निकटतम पड़ोसी देशों के नाम बताइए, जिनका मानव विकास सूचकांक भारत से बेहतर है।

**7.** What is wet farming? Mention the *two* major crops grown in wet-farming areas. 1+1=2

आर्द्र कृषि किसे कहते हैं? आर्द्र कृषिक्षेत्रों में उगाई जाने वाली **दो** प्रमुख फसलों का उल्लेख कीजिए।

**8.** How is an ox-bow lake formed? Explain. 2

गोखुर झील किस प्रकार बनती है? स्पष्ट कीजिए।

**9.** Distinguish between mountain breezes and valley breezes by stating any *two* points of each. 1×2=2

पर्वत समीर और घाटी समीर में कोई **दो-दो** अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**10.** How are Eastern Ghats differ from Western Ghats? Give *two* points of distinction of each. 1×2=2

पूर्वी घाट, पश्चिमी घाटों से किस प्रकार भिन्न हैं? **दो-दो** अन्तर बताइए।

**11.** Why do we need water harvesting? Give any *two* reasons? 1×2=2

हमारे लिए जलसंग्रह करना क्यों आवश्यक है? कोई **दो** कारण दीजिए।

**12.** What are the *four* main branches of systematic geography? Write main feature of each branch. 2+2=4

क्रमबद्ध भूगोल की **चार** मुख्य शाखाएँ कौन-सी हैं? प्रत्येक शाखा की प्रमुख विशेषता बताइए।

**13.** Define the term 'Tides'. Explain any *three* factors responsible for bringing variation in the regulation and the size of tides. 1+3=4

'ज्वार-भाटा' शब्द की परिभाषा दीजिए। ज्वार-भाटा के समय और आकार में परिवर्तन के उत्तरदायी किन्हीं **तीन** कारकों को स्पष्ट कीजिए।

**14.** "The harsh climate supports less population." Examine the statement with arguments. 4

''कठोर जलवायु कम जनसंख्या का पोषण करती है।'' इस कथन की तर्क सहित न्यायसंगत समीक्षा कीजिए।

**15.** Suggest any *four* measures to control landslides and to mitigate their impact. 1×4=4

भूस्खलन को रोकने तथा उनके दुष्प्रभावों को कम करने के कोई **चार** उपाय सुझाइए।

**16.** Describe with examples *six* points of economic significance of mountains. 1×6=6

पर्वतों के आर्थिक महत्त्व की **छः** बिन्दुओं का उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए।

**17.** Describe in brief the distribution of major abiotic resources of India. 6

भारत के प्रमुख अजैविक संसाधनों के वितरण का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**18.** Define the term 'Evaporation'. Explain *five* factors affecting the rate of evaporation. 1+5=6

'वाष्पीकरण' शब्द की परिभाषा दीजिए। वाष्पीकरण की दर को प्रभावित करने वाले **पाँच** कारकों की व्याख्या कीजिए।

**19.** Explain any *six* factors which are responsible for the centralization of cotton-textile industry in Ahmedabad-Mumbai-Pune region. 1×6=6

अहमदाबाद-मुम्बई-पुणे प्रदेश में सूती-वस्त्र उद्योग के केन्द्रीकरण के उत्तरदायी किन्हीं **छः** कारकों की व्याख्या कीजिए।

**20.** Explain with examples the *three* factors which influence the type of rural settlements in India. 2×3=6

भारत में ग्रामीण अधिवासों के प्रकारों को प्रभावित करने वाले **तीन** कारकों को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

**( Local Area Planning )**

**( स्थानीय क्षेत्र नियोजन )**

**21.** Mention any *two* major steps needed for primary data collection. 1×2=2

प्राथमिक आँकड़ों के एकत्रीकरण के लिए आवश्यक किन्हीं **दो** सोपानों का उल्लेख कीजिए।

**22.** Explain the term 'Arithmetic Mean' with example. 1+1=2

'अंकगणितीय माध्य' शब्द की व्याख्या उदाहरण सहित कीजिए।

**23.** Describe any *four* basic requirements of local area planning. 1×4=4

स्थानीय क्षेत्र नियोजन की किन्हीं **चार** मूलभूत आवश्यकताओं का वर्णन कीजिए।

**24.** Suggest *four* ways for the slum area development in different cities of India. 1×4=4

भारत के विभिन्न नगरों में मलिन बस्ती क्षेत्र विकास के लिए **चार** तरीके सुझाइए।

OPTION–II

विकल्प–II

**( Geography of Tourism in India )**

**( भारत में पर्यटन-भूगोल )**

**21.** What is hatt tourism? 2

हाट पर्यटन क्या है?

**22.** Explain the term 'Sustainable Tourism'. 2

'सततवाही पर्यटन' शब्द की व्याख्या कीजिए।

**23.** Describe in brief the contribution of tour guides in the success of tour programme. 4

पर्यटन कार्यक्रमों को सफल बनाने में टूर गाइड्स के योगदान का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**24.** How does climate play an important role as a major resource for the development of tourism in India? Explain with suitable examples. 4

भारत में जलवायु पर्यटन विकास के लिए एक प्रमुख संसाधन के रूप में किस प्रकार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है? उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

★ ★ ★